आकाशवाणी केन्द्र शिमला
07.10.2025/प्रादेशिक समाचार/11.00 बजे

सुक्खू

हिमाचल प्रदेश में पिछले दो दशकों में वन क्षेत्र में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। भारतीय वन सर्वेक्षण की एक रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश का कुल वन क्षेत्र बढ़कर वर्ष 2023 में 15 हजार पांच सौ 80 वर्ग किलोमीटर से अधिक हो गया है।

डिस्पैच–– *प्रदेश के वन क्षेत्र में हुई ये वृद्धि राज्य सरकार के सतत वनीकरण, पारिस्थितिकी पुर्नस्थापन और जन सहभागिता आधारित वन प्रबंधन के सफल प्रयासों का परिणाम है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि महिलामंडलों, युवक मंडलों, स्वयं सहायता समूहों और अन्य पंजीकृत संस्थाओं की भागीदारी से वनीकरण अभियानों को नई गति मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक संगठन को पांच हैक्टेयर तक के बंजर या क्षतिग्रस्त वन क्षेत्र को विकसित करने की जिम्मेदारी दी जाएगी और इस पर प्रति हैक्टेयर अधिकतम एक लाख 20 हजार रूपए तक की राशि प्रदान की जाएगी।*

वाल्मीकि जयंती

आज महर्षि वाल्मीकि जयंती है। इस अवसर पर प्रदेशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। महर्षि वाल्मीकि को रामायण के रचयिता और संस्कृत के आदि कवि के रूप में जाना जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को महर्षि वाल्मीकि जयंती की हार्दिक शुभकामनाएँ दी हैं। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि के पवित्र और आदर्श विचारों का प्राचीनकाल से ही भारतीय समाज और परिवारों पर गहरा प्रभाव रहा है। उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता पर आधारित महर्षि वाल्मीकि का वैचारिक प्रकाश स्तंभ सदैव देशवासियों के जीवन को आलोकित करता रहेगा। इधर राज्यपाल शिवप्रताप शुक्ल व मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने भी महाकाव्य रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि की जयंती पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने कहा कि रामायण ऐसा अमर ग्रंथ है, जो हमें भवसागर से पार होने का मार्ग दिखाता है।

मौसम

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते प्रदेश के उंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी और मध्यम व मैदानी इलाकों में वर्षा हो रही है जिससे तापमान में काफी गिरावट आई है। चंबा, लाहौल–स्पिति, किन्नौर और कुल्लू जिले के उंचाई वाले क्षेत्रों में इस सीजन का पहला हिमपात हुआ है। ताजा बर्फबारी के चलते चम्बा जिला की पांगी घाटी का सड़क सम्पर्क शेष विश्व से कट गया है।

*चंबा जिला में दो दिनों से लगातार बारिश का दौर जारी है जिससे पूरा जिला प्रचंड हिटलर की चपेट में आ गया है जिला में करीब तीन मुख्य सड़क मार्ग वालों की आवाज के लिए अवरुद्ध है रोहित जनजाति क्षेत्र पानी घाटी के समस्त सड़क मार्ग भारी बर्फबारी के चलते अवरुद्ध हुए हैं जिससे घाटी का सड़क संपर्क में सबसे कट चुका है बाकी मुख्यालय खिलाड़ी में जहां चार से पांच इंच तक बर्फ गिर चुकी है वही ऊंचाई वाले क्षेत्र में 8 से 10 इंच तक हो चुका है*

मौसम विभाग ने प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में आज बारिश का यह क्रम जारी रहने की संभावना जताई है।

उद्योग विभाग

सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम इकाइयों को सुदृढ़ बनाने के लिए उद्योग विभाग द्वारा ऊना में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में मौजूदा और उभरते उद्यमियों ने भाग लिया। जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक रचित शर्मा ने कहा कि अब औद्योगिक इकाइयों को एक क्लस्टर के रूप में विकसित करने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है ताकि केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा वित्त पोषित एक सार्वजनिक सुविधा केंद्र सी.एफ.सी. के माध्यम से सभी इकाइयों को लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि क्लस्टरों को 10 से 30 करोड़ रुपये तक का वित्त पोषण मिल सकता है, जिसमें 80 प्रतिशत वित्त पोषण केंद्र और 15 प्रतिशत राज्य सरकार द्वारा किया जाएगा।